metadata, citation and similar papers at core.ac.uk
brought to you by CORE
provided by CMFRI Digital Repository



# न्यू फेरी वार्फ, मुंबई में कोष संपाशों द्वारा *एलिपेस जेड्डाबा* (फोर्सकल) और *मेगालास्पिस कोर्डिला* (लिन्नेयस) का असाधारण अवतरण

करेंजिड्स और वेलापवर्ती मछलियाँ भारतीय समुद्रों में व्यापक रूप से वितरित है और भारत के वार्षिक समुद्री मछली अवतरण में 7% योगदान के साथ इनकी मात्स्यिकी का विशेष महत्व भी है। करैंजिड में 25 वंश और 140 जातियाँ शामिल है। दोनों तटों पर 60 मी गहराई के उथले जलक्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध यह मछली साल भर की उपस्थिति से मात्स्यिकी को कायम रखती है। महाराष्ट्र में इसकी मात्स्यिकी के प्रमुख सदस्य है *मेगालास्पिस कोर्डिला, डेकाप्टीरस रसेल्ली, एलिपेस जेड्डाबा, सेलार क्रूमेनोफ्ताल्मस, करांक्स* जातियाँ कैराग्नोइड्स जातियाँ और स्कोम्बेरोइड्स जातियाँ।

न्यू फेरी वार्फ ग्रेटर मुंबई के प्रमुख अवतरण केंद्रों में एक है, जहाँ महाराष्ट्र और गुजरात के आनायक अपनी पकड उतारते हैं। अलावा डोल जाल प्रचालित, गिल जाल प्रचालित नाव और कोष संपाश भी अपनी पकड उतारने के लिए यहाँ आते हैं। कोष संपाश मात्स्यिकी मौसमिक होती है जो साधारणतया सितंबर मध्य से प्रारंभ होकर फरवरी के अंत तक जारी रहती है। मात्स्यिकी में प्रमुखतः *एरियस* जातियाँ, *रास्ट्रेल्लिगर कानागुर्टा, पारास्ट्रोमेटियस नाइगर, स्कोम्बेरोमोरस* जातियाँ, थन्नस जातियाँ, *सारडिनेल्ला लोंगिसेप्स, लुट्जानस* जातियाँ, *एम. कोर्डिला* और *ए. जेड्डाबा* शामिल रहती हैं।

न्यूफेरी वार्फ मुंबई में पकडी गई *एलिपेस जेड्डाबा* का निकट दृश्य

**पत्रव्यवहार**

**डी.जी. जादव, बी.बी. चवान, ए.डी. सवन्त, सी.जे. जोसकुट्टी, जे.डी. सारंग और ठाकुर दास**

सी एम एफ आर आइ मुंबई अनुसंधान केंद्र, मुंबई, महाराष्ट्र

दिनांक 26-9-2003 को तीन कोष संपाशों ने *ए. जेड्डाबा* (16710 कि ग्रा) और *एम. कोर्डिला* (8065 कि ग्रा) की भारी पकड का अवतरण किया। मत्स्यन तल मुंबई (जंजिर मुरडु और श्रीवर्धन) से लगभग 50-70 दूर दक्षिण-पश्चिम भाग में 22-35 मीटरों की गहराई में था। पकड में *ए. जेड्डाबा* और *एम. कोर्डिला के साथ स्कोम्बेरोमोरस लाइसान* और *पी. नाइगर* के बच्चे भी शामिल थे। अवतरण केन्द्र में *ए. जेड्डाबा* और एम. *कोर्डिला* को प्रति कि ग्रा क्रमशः 18/- रु और 10/- रु की दर में बेच दिया।

न्यू फेरि वार्फ में 26-9-2003 की कुल कोष संपाश पकड लगभग 31,925 कि ग्रा था जिसमें *ए. जेड्डाबा* की प्रतिशतता 52.34% थी। इसके अनुगमन करते थे *एम. कोर्डिला* (25.26%), *ई. अफिनिस* (17.3%), *पी. नाइगर* (2.04%), *आर. कानागुर्टा,* (1.57%), *एस. लाइसान* (0.78%) और *स्फिरेना* (0.03%) (सारणी देखें)। *ए. जेड्डाबा* का आकार 110-269 मि मी के बीच देखा गया।

*ए. जेड्डाबा* के 217 नमूनों की आमाप बारम्बारता 110-269 मि मी की फरकल लंबाई में 180-189, 220-229 और 210-219 मि मी पर तीन प्रकार के आकार दिखाते है। *एम. कोर्डिला* के 71 नमूने 210-379 मि मी की फरकल लंबाई और 100-520 ग्रा भार पर 240-249, 250-259

**सारणी 1. न्यू फेरी वार्फ में 26-9-2003 को कोष संपाश में प्राप्त करैंजिडों का जाति मिश्रण (कि ग्रा में)**

| जाति | एकक-1 | एकक-2 | एकक-3 | एकक-4 | एकक-5 | कुल | % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *ए. जेड्डाबा* | 2880 | 9580 | - | 4250 | - | 16710 | 52.34 |
| *एम. कोर्डिला* | - | 1960 | 2955 | 2300 | 850 | 8065 | 25.26 |
| *एस. लाइसान* | 25 | - | - | 225 | - | 250 | 0.78 |
| *पी. नाइगर* | 650 | - | - | - | - | 650 | 2.04 |
| *ई. अफिनिस* | - | - | - | - | 5550 | 5550 | 17.38 |
| *आर. कानागुर्टा* | - | - | - | - | 500 | 500 | 1.57 |
| *स्फिरेना* | - | - | - | - | 200 | 200 | .63 |

और 260-269 मि मी पर तीन प्रकार के आकार दिखाते है।

*ए. जेड्डाबा* के नमूने के लिए प्राप्त समाश्रयण समीकरण निम्न प्रकार था

$$W = 0.0000287\ 4^{2.45}$$

*ए. जेड्डाबा* की जीव संख्या में नर और मादा अनुपात 54:46 नर की प्रमुखता व्यक्त करती है।

## वेलापवर्ती मछलियों की प्रतिपूर्ति के लिए कोबिया पालन

वेलापवर्ती मछलियों में कोबिया (Cobia) का स्वादिष्टता के कारण अपना महत्वपूर्ण स्थान है। सी एम एफ आर आइ के मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र में कोबिया *राकिसेन्ट्रॉन कनाडम* का सफल प्रजनन और डिम्भक पालन किया गया। यहाँ से शिशु मछलियों का परिवहन करके विविध पालन स्थानों में किए पालन से अच्छी फसल प्राप्त हो रही है जो कि वेलापवर्ती मछलियों की प्रतिपूर्ति का आंशा प्रदान करती है।